**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संख्या :–01/भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधि विस्तार)–01/2021** 1294

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)**
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

**पटना, दिनांक :–** 3/6/2022

विषय :– **डिजिटल इंडिया भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) के अन्तर्गत चालू योजना का 04 (चार) वर्षों अर्थात् 2022–23 से 2025–26 तक अवधि विस्तार हेतु राज्यांश एवं राज्य योजना की राशि 9719.39824 (सन्तानवे करोड़ उन्नीस लाख उनचालीस हजार आठ सौ चौबीस) लाख रूपये मात्र के व्यय की स्वीकृति।**

**आदेश :– स्वीकृत।**

2. डिजिटल इंडिया भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) के अन्तर्गत चालू योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2025–26 में सम्पन्न कर लिया जायेगा।

3. डिजिटल इंडिया भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) के अन्तर्गत चालू योजनाओं से संबंधित कार्यबल को आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। तकनीकी प्रकृति के कार्यो को सम्पन्न कराने के लिए आन्तरिक/वाह्य स्रोत से आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों/सेवा प्रदात्ताओं की सेवाएँ प्राप्त की जा सकेगी।

4. उक्त योजना को चालू रखते हुए वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2026 तक 04 वर्षों के लिए योजना का अवधि विस्तार करते हुए राज्यांश एवं राज्य योजना की राशि 9719.39824 (सन्तानवे करोड़ उन्नीस लाख उनचालीस हजार आठ सौ चौबीस) लाख रूपये के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है, विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | अवयव का नाम | वित्तीय वर्षवार बजट उपबंध प्रस्ताव | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| वर्षवार | | 2022–23 | 2023–24 | कुल योग |
| 1 | राज्यांश मैचिंग ग्राण्ट | 290000000 | 551939824 | **841939824** |
| 2 | अंचल स्तर पर डाटा केन्द्र–सह– आधुनिक अभिलेखागार भवन निर्माण | 80000000 | 50000000 | **130000000** |
| | कुल योग :– | **370000000** | **601939824** | **971939824** |
| **(सन्तानवे करोड़ उन्नीस लाख उनचालीस हजार आठ सौ चौबीस) रूपये मात्र** | | | | |

5. डिजिटल इंडिया भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) के अन्तर्गत विभिन्न अवयवों में केन्द्रांश के विरूद्ध राज्यांश (Matching Grant) होने वाले व्यय मुख्य शीर्ष – 2029 – भू–राजस्व – उप मुख्य शीर्ष – 00 – लघुशीर्ष – 103 – भू–अभिलेख – उपशीर्ष – 0306 – राष्ट्रीय भू–अभिलेख प्रबंधन कार्यक्रम, माँग संख्या – 40, विपत्र कोड 40 2029001030306 (राज्यांश) के अन्तर्गत उपबंधित राशि से किया जायेगा।

6. अंचल स्तर पर डाटा केन्द्र सह आधुनिक अभिलेखागार के भवन निर्माण का कार्य तथा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया के भवन के सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु राज्य योजना मद से (शत्–प्रतिशत्) होने वाले व्यय मुख्य शीर्ष – 4059 – लोक निर्माण कार्य पर पुंजीगत व्यय – उप मुख्यशीर्ष – 60 – अन्य भवन– लघुशीर्ष – 051 – निर्माण माँग संख्या –03–उपशीर्ष – 0114–अंचल स्तर पर डाटा केन्द्र सह आधुनिक अभिलेखागार भवन, विपत्र कोड 03– 4059600510114 (राज्यांश) के अन्तर्गत उपबंधित राशि से किया जायेगा।

7. योजनान्र्तगत कार्य हेतु उपबंधित एवं स्वीकृत राशि की निकासी के लिए महालेखाकार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी विधिवत् रूप से स्वीकृत एवं अनुमान्य दर पर राशि की निकासी एवं व्यय के लिए सक्षम होंगे।

8. प्रस्ताव में लोक वित्त समिति की स्वीकृति योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक 221 लो0वि0/यो0वि0, पटना, दिनांक 13.05.2022 द्वारा प्राप्त है।

9. डिजिटल इंडिया भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) के लिए कर्णांकित राशि के व्यय एवं अवधि विस्तार की स्वीकृति के प्रस्ताव में संचिका संख्या–01/भू0अ0नि0 (5) विविध–योजना (अवधि विस्तार)–01/2021 की टिप्पणी पृष्ठ संख्या– 34/टि0 में दिनांक 02.06.2022 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या– 7 पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

10. विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की संचिका संख्या–01/भू0अ0नि0 (5) विविध–योजना (अवधि विस्तार)–01/2021 के टिप्पणी पृष्ठ संख्या– 36/टि0 दिनांक 03.06.2022 पर प्राप्त कर स्वीकृत्यादेश का संसूचन किया गया है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

3/6/22

**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः—01 / भू0अ0नि0(5)विविध—योजना(अवधि विस्तार)—01 / 2021 1294 पटना, दिनांक 3/6/2022

**प्रतिलिपि** :— योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना / सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह० 3/6/22
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः—01 / भू0अ0नि0(5)विविध—योजना(अवधि विस्तार)—01 / 2021 1294 पटना, दिनांक 3/6/2022

**प्रतिलिपि** :— निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना / बजट प्रशाखा—5, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 3/6/22
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः—01 / भू0अ0नि0(5)विविध—योजना(अवधि विस्तार)—01 / 2021 1294 पटना, दिनांक 3/6/2022

**प्रतिलिपि** :— सभी समाहर्त्ता / सभी समाहर्त्ता—सह—बन्दोबस्त पदाधिकारी / बन्दोबस्त पदाधिकारी / प्राचार्य, राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना एवं बोधगया / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 3/6/22
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः—01 / भू0अ0नि0(5)विविध—योजना(अवधि विस्तार)—01 / 2021 1294 पटना, दिनांक 3/6/2022

**प्रतिलिपि** :— सभी कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 3/6/22
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः—01 / भू0अ0नि0(5)विविध—योजना(अवधि विस्तार)—01 / 2021 1294 पटना, दिनांक 3/6/2022

**प्रतिलिपि** :— सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 3/6/22
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक:–01 / भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधि विस्तार)–01 / 2021 1294 पटना, दिनांक 3/6/2022

**प्रतिलिपि** :– श्रीमति सरिता कुमारी, प्रोग्रामर आई0टी सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप / आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/6/22

**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग